SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
Class Notes

CLASS: 3 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- पाठ-12 कुट्टी

प्रश्न-१) शब्दार्थ और श्रुतलेख प्रतिभा पाठ्यपुस्तक से लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

क) तकरार - झगड़ा
वाक्य - हमें दोस्तों के साथ तकरार नहीं करनी चाहिए।

ख) छुट्टी - अवकाश
वाक्य – कल मैंने विद्यालय से बुखार की वजह से छुट्टी ली।

ग) शाला - पाठशाला
वाक्य – मेरी शाला में बहुत से कार्यक्रम होते हैं।

प्रश्न-३) खाली स्थान भरिए-

क) विजय सिंह मोहन को देखकर मन ही मन खुश हुआ।
ख) मोहन के मित्र का नाम विजय सिंह था।
ग) विजय सिंह की मोहन से कुट्टी हो गई थी।

प्रश्न-४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क) विजय सिंह ने मोहन के बस्ते में क्या देखा?

उत्तर- विजय सिंह ने मोहन के बस्ते में फूल देखा।

ख) विजय सिंह अम्मा से क्या माँग रहा है?

उत्तर-विजय सिंह अम्मा से खाना माँग रहा है।

प्रश्न-५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए-

क) रोज सवेरे मोहन विजय सिंह के घर क्यों आता था?

उत्तर-रोज सवेरे मोहन विजय सिंह के घर उसको पाठशाला ले जाने के लिए आता था।

ख)सच्चा दोस्त कौन होता है?

उत्तर - सच्चा दोस्त वह होता है जो मुसीबत में हमारी मदद करता है। सच्चा दोस्त हमसे ज्यादा दिन तक दूर नहीं रह सकता है।

व्याकरण- क्रिया

प्रश्न-१) दिए गए क्रिया शब्दों से खाली जगह भरिए-

(खेलता, आता , सुनाती , उड़ती)

क) मोहन सुबह दस बजे विजय सिंह के घर आता था।

ख) आसमान में पतंग उड़ती है।

ग) बच्चा फुटबॉल से खेलता है।

घ) दादी बच्चों को कहानी सुनाती है।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों में 'ता' जोड़कर नए शब्द बनाइए-

क) सुंदर+ ता - सुंदरता

ख) शत्रु + ता - शत्रुता

ग) वीर + ता - वीरता